# 2021

# GENERAL STUDIES

# सामान्य अध्ययन

Time : 3 hours ] [ Maximum Marks : 200

समय : 3 घंटे ] [ अधिकतम अंक : 200

***Instructions*** **( निर्देश) :**

*(i)* **All** questions are compulsory.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

*(ii)* Question nos. **1** to **10** are of **6** marks each and the word limit is *150*.

प्रश्न-संख्या **1** से **10** के लिए **6** अंक प्रत्येक आबंटित हैं और शब्द-सीमा *150* है।

*(iii)* Question nos. **11** to **20** are of **14** marks each and the word limit is *300*.

प्रश्न-संख्या **11** से **20** के लिए **14** अंक प्रत्येक आबंटित हैं और शब्द-सीमा *300* है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. From business and trade interest of company, called 'East India Company', the British Empire annexed India into its fold. What are the main reasons for India's failure to stop this silent invasion? 6


'इस्ट इंडिया कम्पनी' के व्यावसायिक हितों से शुरूआत करके ब्रिटिश साम्राज्य ने भारत को अपने कब्जे में कर लिया। इस मौन आक्रमण को रोकने में भारत की असफलता के पीछे मुख्य कारण क्या हैं?

2. "Many Indian and multinational companies are running into the villages, because this massive rural market can only save the economy of our country." Discuss. 6

" बहुत सारी भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ गाँवों की तरफ भाग रही हैं, क्योंकि गाँवों का व्यापक बाजार ही एक मात्र हमारे देश की अर्थव्यवस्था को बचा सकता है।" चर्चा करें।

3. The following bar diagram shows the production of cars (in thousand) of five companies in 2018-2019, 2019-2020 and 2020-2021 years. 6

निम्न दंड आरेख 2018-2019, 2019-2020 और 2020-2021 के वर्षों में पाँच कम्पनियों द्वारा मोटर गाड़ियों के उत्पादन को (हजार की संख्या) में दर्शाता है :




Study the diagram and answer the following questions :

चित्र का अध्ययन करके निम्न प्रश्नों के उत्तर दें :

*(a)* How many companies have shown production above their average production in 2019-2020, but have showed below the average production in 2018-2019?

कितनी कम्पनियों ने 2019-2020 में औसत उत्पादन से अधिक उत्पादन किया है, किन्तु 2018-2019 में औसत उत्पादन से कम उत्पादन किया है?

*(b)* Find the ratio of company D's production in 2019-2020 to company A's production in 2018-2019.

2019-2020 में कंपनी D के उत्पादन और 2018-2019 में कंपनी A के उत्पादन का अनुपात निकालें।

Prepp
Your Personal Exams Guide

*(c)* For how many companies has there been no decrease in production in any year from the previous year? Write their names.

कितनी कंपनियों ने किसी भी वर्ष में विगत वर्ष की तुलना में कोई कमी नहीं दिखाई है? उनका नाम लिखें।

**4.** Explain the important literary contributions of Gupta period. 6
'गुप्तकाल' के महत्वपूर्ण साहित्यक योगदानों की व्याख्या करें।

**5.** Grievance redressal mechanisms have played a vital role in improving administrative accountability. Justify your argument, citing specific examples. 6

प्रशासनिक जवाबदेही को शामिल करने में शिकायत निवारण तंत्रों ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशिष्ट उदाहरणों के साथ अपने तर्क की व्याख्या करें।

**6.** Discuss the role of Public Interest Litigation in expanding the civic-political rights of citizens. 6

नागरिकों की नागरिक-राजनैतिक अधिकारों को प्रसारित करने में जनहित याचिकाओं के भूमिका की व्याख्या करें।

**7.** What are the major factors behind accumulation of non-performing assets in the Indian banking sector in recent years? Discuss. 6

हाल के वर्षों में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अनर्जक संपत्तियों के संचयीकरण के पीछे मुख्य कारक क्या हैं? चर्चा करें।

**8.** Briefly explain the role of MSMEs in India's economic growth. 6
भारत के आर्थिक विकास में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के भूमिका की व्याख्या करें।

**9.** Discuss India's nuclear doctrine and analyse the emerging debates on its 'no-first-use doctrine'. 6

भारत की परमाणु नीति पर चर्चा करें और इसके 'प्रथम-इस्तेमाल नहीं' नीति पर उदीयमान बहसों का विश्लेषण करें।

**10.** Trace the reasons for the present economic crisis of Sri Lanka. 6
श्रीलंका में वर्तमान आर्थिक विपदा के कारणों का पता करें।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** Critically analyse the efficacy of the 73rd and 74th Constitutional Amendment Acts as the third tier of the Government. Support with examples from different States. 14

तृतीय-स्तर सरकार के रूप में 73 वें और 74 वें संविधान संशोधनों के प्रभावों का आलोचनात्मक विश्लेषण करें। विभिन्न राज्यों के उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर का समर्थन करें।

**12.** Why did Akbar introduce Mansabdari System? Discuss it with the change it brought about in Mughal administration. 14

अकबर ने मंसबदारी प्रथा की शुरूआत क्यों की? इसके द्वारा मुगल प्रशासन में लाए गए परिवर्तनों की चर्चा करें।

**13.** Describe the steps taken by the Government of India to face the threat posed by the COVID-19 pandemic. Add a brief note on the issues and challenges involved in tackling the situation. 14

कोविड-19 महामारी के खतरों से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की व्याख्या करें। इस समस्या से निपटने में आनेवाली चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक मुद्दों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

**14.** Discuss the challenges associated with the climate change negotiations and assess the conflicting perspectives between developed and developing countries experienced at Glasgow during CoP 26. 14

जलवायु परिवर्तन वार्ताओं से संबंधित चुनौतियों की व्याख्या करें और CoP 26, ग्लासगो के दौरान विकसित और विकासशील राष्ट्रों के बीच परस्पर-विरोधी दृष्टिकोणों का आकलन करें।

**15.** The parliamentary system of executive vests many powers in the legislature for controlling the executive. Elucidate, also why it is so necessary to control the executive. 14

कार्यपालिका को नियंत्रित करने के लिए संसदीय कार्यपालिका प्रणाली ने विधायिका को कई अधिकार दिये हैं। साथ ही यह स्पष्ट करें कि कार्यपालिका को नियंत्रित करना क्यों आवश्यक है।

**16.** Assess Indo-Russian collaboration in Defence and Strategic areas. 14

प्रतिरक्षा और सामरिक क्षेत्रों में भारत-रूस सहयोग का आकलन करें।

**17.** The concept of cooperative federalism has been increasingly emphasized in recent years. Highlight the drawbacks in the existing structure and the extent to which the cooperative federalism would answer the shortcomings. 14

हाल के वर्षों में सहकारी संघवाद की अवधारणा पर लगातार बल दिया गया है। वर्तमान ढाँचे की कमियों को प्रमुखता से दिखाएँ और यह भी बताएँ की सहकारी संघवाद इन कमियों का मुकाबला कैसे करेगा।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18.** Critically examine India-China relation in view of recent Galwan valley clash. 14

हालिया गलवान घाटी संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में भारत-चीन संबंधों की आलोचनात्मक जाँच करें।

**19.** Write a brief note on recently commissioned INS Vikrant and its significance in India's maritime security. Also elucidate challenges of indigenization for Indian Navy. 14

भारत की समुद्री सुरक्षा के लिये हाल में ही कमीशन किये गए आई एन एस विक्रांत के महत्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। साथ ही भारतीय नौसेना के लिए स्वदेशीकरण के महत्व को स्पष्ट करें।

**20.** How far did various land revenue settlements lead to the growth of commercialization of agriculture during the colonial rule and its impact on the rural society? 14

प्रवासीय शासन के दौरान विभिन्न भू-राजस्व निपटानों ने कृषि के वाणिज्यीकरण के विकास में कितना योगदान दिया और ग्रामीण समाज पर उसका क्या प्रभाव था?

★★★

Prepp
Your Personal Exam Guide